तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

14 विधायक ने भाजपा नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



14 पक्षियों के दाना पानी के लिए लगाए गए मिट्टी के पात्र





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में एक घर की बाड़ी से बसना पुलिस ने शराब जब्त किया है। पुलिस ने 25 अप्रैल को आरोपी गणेश राम खुटे पिता दिलीप खुटे (34 साल) उडेला चौकी भंवरपुर के कब्जे से महुआ शराब कुल 6 लीटर कीमत 1200 रुपए को जब्त कर आरोपी के धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम मेमरा में झसकेतन भोई अपने घर के सामने में लोगों को शराब पीने-पिलाने का साधन उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### एक्सीडेंट में युवक मृत

**महासमुंद।** मोंगरापाली सराईपाली के बीच मोड़ के पास एक बाइक सवार को ईको वाहन ने टक्कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में तेंदूकोना थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक नेमीचंद साहू पिता माधोराम साहू (35 वर्ष) ग्राम घोघरा थाना तेंदूकोना अपनी मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 04 सीवी 9833 से बागबाहरा से अपने गांव घोघरा वापस आ रहा था। मोंगरापाली सराईपाली के बीच मोड़ के पास तेंदूकोना की ओर से आ रही मारूति सुजुकी ईको क्र. सीजी 04 क्यूबी 3081 के चालक तेजी एवं लापरवाही से अपनी गाड़ी को चलाते आकर बाइक को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे आई गंभीर चोंट के कारण युवक की मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# तापमान बढ़ने से आफत, जलस्तर घटने से जिले में 713 हैंडपंप हुए बंद

## ग्रामीण इलाकों में पेयजल को लेकर काफी समस्या, शहरों में टैंकर से पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी के चलते जल स्तर में आई गिरावट के कारण सैंकड़ों हैंडपंप बंद हो चुके हैं वहीं ऐसे ही सैंकड़ों हैंडपंप सुधार के लिए प्रक्रिया में हैं। मिली जानकारी के अनुसार 713 हैंडपंप बंद तथा 103 हैंडपंपों का सुधार किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में पेयजल को लेकर काफी समस्या पेश आ रही है। शहर इलाकों में टैंकर व्यवस्था से काम चल रहा है लेकिन ग्रामीणों को पानी तलाशना और ढोकर लाना पड़ रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 9754 हैंडपंप हैं। कुल 9041 हैंडपंप चालू हालत में है। 713 हैंडपंप बंद हो चुके हैं। ग्रामीण हैंडपंपों के नलकूपों में मोटर पंप लगाने की मांग भी करने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है। गांव की महिलाएं सुबह से ही पानी के इंतजाम में लगे हुए हैं।

### अधिक दोहन, गिर रहा जल स्तर

अत्यधिक गर्मी, सूखा और जल संसाधनों का अत्यधिक प्रयोग होने के कारण जलस्तर लगातार गिर रहा है। इसके कारण हैंडपंप बंद हो जाते हैं। जल स्तर को बढ़ाने के लिए उपाय नहीं किए जा रहे हैं। जल संरक्षण को बढ़ावा देने या पानी के अत्यधिक उपयोग पर लगाम व हैंडपंपों की मरम्मत व रखरखाव होना जरूरी है।



### बसना व सरायपाली में ज्यादा समस्या

जल स्तर गिरने से बसना और सरायपाली में ज्यादा समस्या है। यहां हर साल जल स्तर घटता जा रहा है। बोर खनन कराने पर भी कई बोर से पानी नहीं आता है। इस कारण जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी पर भी पानी नहीं चढ़ पा रहा है। महासमुंद से नजदीक लाफिनखुर्द का पहला हैंडपंप ही बंद पड़ा हुआ है। सुधारने की मांग की गई थी, लेकिन कोई सुध नहीं लिया।

अभी भी जिले में कई हैंडपंप सूखने के कगार पर पहुंच चुके हैं। कई हैंडपंप तकनीकी रूप से भी खराब हैं, जिससे दिक्कत आती है। भूजल स्तर गिरने से जिले में हैंडपंप की संख्या घट रही है। तीन साल पूर्व तक जिले में हैंडपंपों की संख्या 11 हजार 765 तक थी, लेकिन यह संख्या भी घटकर 9754 तक पहुंच चुकी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत भी पानी प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन गांवों में कार्य सुस्त गति से चल रहा है। जिले बागबाहरा क्षेत्र के कुछ हैंडपंपों में फ्लोराइड की भी समस्या है। ऐसे हैंडपंप की संख्या सात से 8 है। हैंडपंप का जल स्तर गिरने से निस्तारी की भी समस्या हो रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अधिकारी डीपी वर्मा ने बताया कि 103 हैंडपंप सुधार के लिए प्रक्रिया में है। जिनमें तकनीकी खराबी है उसे सुधारने कहा गया है।

## हरा सोना : तेंदूपत्ता की तोड़ाई व संग्रहण का कार्य एक मई से होगा प्रारंभ

# बारिश से प्रभावित होगी तेंदूपत्ता की क्वालिटी, संग्राहकों को भी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हरा सोना तेंदूपत्ता की तोड़ाई व संग्रहण का कार्य एक मई से प्रारंभ होगा। इधर मौसम में परिवर्तन व ओलावृष्टि की चेतावनी के बाद वनोपज एकत्र करने वाले सग्राहकों की चिंता बढ़ गई है। बारिश होने से तेंदूपत्ता की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। इस बार 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है।

तेंदूपत्ता तोड़ने वालों को इस साल उनके बैंक खाते में ऑनलाइन राशि अंतरित की जाएगी। इस बार भी तेंदूपत्ता के लिए 5500 रुपए प्रतिमानक बोरा की दर से खरीदी होगी। पिछले तीन वर्षों से 91300 मानक बोरा लक्ष्य रखा जा रहा है। लक्ष्य में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। धीरे-धीरे तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य कम होता हो रहा है। तीन साल पूर्व 2022 में 95 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्ता सग्रहण का लक्ष्य रखा गया था और 82 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी की गई थी। 2024 में 91 हजार 300 मानक बोरा लक्ष्य था और 77 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी की गई। वनोपज एकत्रित करने वाले संग्राहकों को मौसम की चिंता सता रही है। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।



### संग्राहकों को भी सीधा नुकसान

विशेषज्ञों की मानें तो मौसम, खासकर बारिश और तापमान, तेंदूपत्ता की गुणवत्ता और संग्रहण पर प्रभाव डालता है। अधिक बारिश या कम तापमान से तेंदूपत्ता में दाग लगने और उसकी ग्रोथ कम होने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे संग्रहण कम हो सकता है। मौसम अनुकूल नहीं रहता है, तो तेंदूपत्ता संग्रहण में देरी हो सकती है या संग्रहण लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। गुणवत्ता प्रभावित होने से इसका सीधा नुकसान संग्राहकों को होगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का मौसम अप्रैल के तीसरे सप्ताह से जून के दूसरे सप्ताह तक रहता है।

### तेंदूपत्ता से बनती है बीड़ी

तेंदूपत्ता का मुख्य उपयोग बीड़ी बनाने में किया जाता है। बंगाल, बिहार अन्य प्रदेशों में बीड़ी की अच्छी मांग है। इस कारण तेंदूपत्ता की मांग आती है। तेंदूपत्ता के एक मानक बोरा में 50 पत्तों के एक हजार बंडल होते हैं। ग्रामीण अंचलों में भी तेंदूपत्ता से बीड़ी बनाकर बेचा जाता है।

# पाकिस्तानी-बांग्लादेशियों को खोज रही पुलिस

## फिलहाल कोई मौजूदगी नहीं, बांग्लादेशियों की तलाश भी जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पहलगाम नरसंहार के बाद जिले में भी पाकिस्तानी नागरिकों के संबंध में पुलिस जानकारी खंगाल रही है। हालांकि, कोई टूरिस्ट, स्टडी या मेडिकल वीजा लेकर कोई पाकिस्तानी नागरिक जिले में नहीं रह रहा है। इसी प्रकार जिले में चोरी के मामले में पकड़े गए दो बंग्लादेशी नागरिक होने की पुष्टि होने के बाद जिले में लगातार बंग्लादेशी नागरिकों की सर्चिंग जारी है।

### थानों में नहीं होती मुसाफिरी दर्ज

मिली जानकारी के अनुसार कि शहर में कबाड़, भवन निर्माण और अलग-अलग कामों के लिए ठेकेदार दूसरे राज्यों से मजदूरों को ले आते हैं, लेकिन थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराई जाती। जागरुकता के अभाव में किसी तरह का पुलिस वेरिफिकेशन भी नही कराया जाता। इससे बाहरी राज्यों से आकर कई लोग यहां किराए में रहने लगे हैं।

एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि पाकिस्तानी और बांग्लादेशियों के संबंध में मिले गृह मंत्रालय के निर्देश के अनुसार लगातार सर्चिंग जारी है। फिलहाल कोई पाकिस्तानी नागरिक यहां नही। और अवैध तौर से बांग्लादेशियों के यहां रहने की सूचना पर लगातार चौकसी बरती जा रही है।

# संभाग स्तरीय खेलकूद में केंद्रीय विद्यालय के खिलाड़ी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग द्वारा पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद के स्केटिंग के विद्यार्थियों ने विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर के अनुरक्षण में स्केटिंग खेल स्पर्धा में भाग लिया। जिसमें विद्यालय के छात्र आर्यन सोनी ने अंडर 17 बालक वर्ग के 500 मीटर और 1000 मीटर रेस में रजत पदक प्राप्त किया। उसी तरह देवांश चंद्राकर ने अंडर 17 बालक वर्ग में 300 मीटर कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल, खेल शिक्षक सोहन साहू, विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हर्ष जताया है।



# स्वच्छता का जायजा लेने पहुंचेगी टीम, इसलिए शहर को संवारने की तैयारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के चौक-चौराहे व नुक्कड़ों से

- फिर लगेंगे चौक चौराहों में डस्टबीन

लाखों के पुराने डस्टबिन गायब हो चुके हैं। अब फिर से 430 नए डस्टबिन लगाने की तैयारी है। क्योंकि, आगामी दिनों में स्वच्छता का जायजा लेने के लिए दिल्ली से सर्वे टीम पहुंचेगी।

वर्ष 2022 में 18 लाख और 2024 में 25 लाख खर्च कर शहर के चौक-चौराहों पर डस्टबिन लगाए गए। पर अब कहीं पर डस्टबिन नजर नहीं आ रहा है। सिर्फ ढांचा ही दिख रहा है। दरअसल, स्वच्छता सर्वे में एक बार फिर अव्वल स्थान हासिल करने की तैयारी में नगर पालिका जुट गई है। इधर, जगह-जगह कचरा नजर आ रहा है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों को कचरा देने के बजाय घर के सामने ही कचरा फेंक रहे हैं। पूर्व में नगर पालिका ने इस पर भी कार्रवाई कर जुर्माना लगाया था। अब नगर पालिका ध्यान नहीं दे रही है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली की स्वच्छता सर्वे की टीम आने के पहले राज्य की टीम ने तीन दिन तक शहर के वार्डों का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था का आंकलन किया। अब कभी भी किसी भी वार्ड में दिल्ली से स्वच्छता सर्वे की टीम पहुंच सकती है। इस कारण नगर पालिका सफाई अभियान पर ज्यादा फोकस कर रही है। नाला-नालियों की सफाई शुरू हो गई है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन पर भी ध्यान दिया जा रहा है। नगर पालिका के स्वच्छता प्रभारी दिलीप कश्यप ने बताया कि शीघ्र ही नए डस्टबिन लगाए जाएंगे।



### दुकानदार नहीं रखते डस्टबिन

शहर के मुख्यमार्ग पर अधिकांश व्यापारी अपनी दुकानों में डस्टबिन नहीं रखते हैं। उनकी दुकान से निकलने वाला कचरा सड़क या खाली पड़ी जगह पर ही फेंक दिया जाता है। जिससे लोगों को परेशानी भी होती है। पूर्व में नगर पालिका ने जुर्माना लगाने की बात कही थी। लेकिन, ऐसा नहीं हो रहा है। इस कारण लोग जहां-तहां कचरा फेंक रहे हैं।

### दिल्ली की टीम लेगी लोगों से फीडबैक

स्वच्छता सर्वे के लिए दिल्ली की टीम कभी भी दस्तक दे सकती है। जनता से फीडबैक भी लिए जाएंगे। विभिन्न बिंदुओं पर अंक प्रदान किया जाएगा। 2023 में नगर पालिका को नंबर एक का स्थान मिला था। एक बार फिर से नंबर एक पायदान हासिल करने के लिए दीवारों में पोस्टर लगाए जा रहे हैं। लोगों को आसपास को स्वच्छ रखने के लिए अपील की जा रही है।

### यहां लगाए जाएंगे डस्टबिन

बस स्टैंड, सब्जी, बाजार, कचहरी चौक, पंचशील क्लब, बीजेपी कार्यालय, नेहरू चौक, रेलवे स्टेशन अंबेडकर चौक, गांधी चौक, पिटियाझर रोड, तुमगांव रोड, एकता चौक समेत शहर के तीस वार्डों में डस्टबिन लगाए जाएंगे। नए डस्टबिन के लिए ढांचा बनाने की तैयारी चल रही है। नपा चुनाव के कारण डस्टबिन लगने में देरी हुई है।

## जमकर चले लाठी-डंडे, कई गंभीर, थाने में डटे रहे ग्रामीण

# दो गांवों की चुनावी रंजिश ने लिया हिंसक रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

उपसरपंच चुनाव के बाद पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरपाली और कलमीडीपा में रविवार को हालात बेकाबू हो गए। चुनावी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों गांवों के ग्रामीण आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी अनुसार विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब ग्राम डुमरपाली के पंच लोकनाथ साहू कलमीडीपा में मकान निर्माण करवा रहे थे। निर्माण कार्य के लिए पानी देने से इनकार करने पर विवाद इतना बढ़ा कि दोनों गांवों के सैकड़ों ग्रामीण आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते हालात इतने बिगड़ गए कि मारपीट शुरू हो गई और लाठियां चलने लगीं। घटना में ग्राम कलमीडीपा के ग्रामीण नकुल राणा का पैर टूट गया, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रायपुर रेफर किया गया है।

वहीं सुखदेव राणा को भी रेफर किया गया और महिला चंद्रवती राणा को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दूसरी ओर डुमरपाली गांव के संजय प्रधान और नित्यानंद साहू को भी सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

इस बीच दोनों गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष देर शाम तक पिथौरा थाना में डटे रहे और एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। डुमरपाली के ग्रामीणों का आरोप है कि कलमीडीपा के लोग अवैध शराब निर्माण में लिप्त हैं और उसे रोकने के चलते हमला किया गया। वहीं कलमीडीपा के ग्रामीण इस पूरी घटना को चुनावी रंजिश का परिणाम बता रहे हैं। थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने जानकारी करते हुए बताया कि उपसरपंच चुनाव के बाद आपसी रंजिश के चलते यह हिंसक घटना हुई है। दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।




# नवकिरण में एडीईओ परीक्षा को लेकर साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखते हुए एवं प्रतिभागियों की मांग पर छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) की नई बैच की क्लासेस का संचालन 10 मार्च से प्रातः कालीन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक किया जा रहा है। इसी क्रम में साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें इतिहास, भूगोल, छत्तीसगढ़, संविधान, विज्ञान आदि के 100 प्रश्न पूछे गए। आने वाले समय में मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन भी परीक्षा के ठीक पहले किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रवि भवन सोमवार को रहेगा एक बजे तक बंद

**रायपुर।** रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नानवानी से कहा, पहलगाम में देश के निर्दोष सैलानियों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया यह कायराना, बर्बर और अमानवीय हमला पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर देने वाला है। इन कायर आतंकियों ने निर्दोष लोगों के खून से धरती को लाल किया है। इस वीभत्स हमले में हमारे अपने रायपुर के युवा व्यापारी दिनेश मिरनिया (अग्रवाल) सहित 26 से अधिक लोगों ने अपनी अमूल्य जान गंवाई। रवि भवन व्यापारी संघ इस जघन्य आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा करता है और दिनेश मिरनिया सहित सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति दें। कोर कमेटी के निर्णय अनुसार, समस्त व्यापारी सोमवार को दोपहर 1 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखेंगे। 1 बजे ऑडिटोरियम में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दुकानें खोली जाएंगी।

### सिद्धांत ने अध्यक्ष पद की ली शपथ

**रायपुर।** एनआईटी रायपुर के गोल्डन टॉवर में शनिवार को पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इशराई के रीजनल डायरेक्टर अमरेंद्र गोस्वामी रहे। नए अध्यक्ष के रूप में सिद्धांत शर्मा ने ISHRAE रायपुर सब चैप्टर की अध्यक्षता की शपथ ली। साथ ही प्रेसिडेंट इलेक्ट के रूप में प्रियांश डस्सानी ने भी शपथ ग्रहण की। सचिव पद पर संध्या सिंह और कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप महोबे ने भी अपने पद की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ मां के नाम के रूप में पौधारोपण के साथ हुई, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। समारोह की अध्यक्षता बीते वर्ष के अध्यक्ष रवि जग्गी ने की। इसी दौरान सोनम माहेश्वरी ने बी टेक्निकल प्रेजेंटेशन भी दिया, जिसमें उन्होंने स्मार्ट एवं सस्टेनेबल एचवीएसी के बारे में चर्चा की। उनकी प्रस्तुति ने सभी का ध्यान खींचा और पर्यावरण-मित्र तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाई।

### निजी स्कूल मैनेजमेंट एसो. ने दी श्रद्धाजंली

**रायपुर।** पहलगाम में आंतकियों की गोली का शिकार हुए पर्यटकों को कैंडल जलाकर श्रद्धाजंली अर्पित की है। हाथों में देश की एकता और अखंडता की तख्ती लिये स्कूल प्रबंधन ने इस आंतकवादियों के खिलाफ आक्रोश भी जताया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कहा कि ऐसे लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिये।

### एम्स में क्यूरियन-2025 की शुरुआत

**रायपुर।** एम्स में शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई, जब संस्थान ने अपने पहले शैक्षणिक महोत्सव क्यूरियन 2025 का उद्घाटन किया। यह महोत्सव नवाचार, नेतृत्व और समग्र छात्र विकास का उत्सव है। कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल, डीन डा. एली मोहपात्रा, डीन परीक्षा डा. अविनाश एस. इंगेल, डीन अनुसंधान डॉ. अभिरुचि गल्होत्रा और डीन छात्र कल्याण डॉ. कृष्णदत्त चावली मौजूद रहे।

# सेवन स्टार रेटिंग की तैयारी, जीएफसी और वाटर प्लस सर्वे करेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- गांधी सदन में गार्बेज फ्री सिटी, वाटर प्लस सर्वे तैयारी प्रशिक्षण
- रहवासी क्षेत्र और स्लम एरिया में सफाई की होगी परख

रायपुर शहर 7 स्टार रेटिंग की तैयारी में जुट गया है। आने वाले दिनों में दिल्ली से आई टीम राजधानी में गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस सर्टिफिकेट के लिए शहरभर का सर्वे करेगी। इस मूल्यांकन में राजधानी के रहवासी क्षेत्र और झुग्गी बस्तियों में सफाई की धरातल पर परख होगी। इसी सिलसिले में शनिवार को महात्मा गांधी सदन के सभागार में वाटर प्लस सर्वे की तैयारियों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दरअसल, शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने निगम प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। साथ ही वॉटर प्लस सर्वे को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 10 जोन के स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी, जोनल नोडल अधिकारी, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी सहित सहायक नोडल अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। आगामी कुछ दिनों में दिल्ली से आई टीम जीएफसी और वॉटर प्लस सर्टिफिकेट के लिए रायपुर का सर्वे करेगी। विदित हो, गारबेज फ्री सिटी की श्रेणी में रायपुर शहर को पिछले साल फाइव स्टार रेटिंग मिला। इस बार शहर ने सेवन स्टार रेटिंग सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है। इसी रेटिंग के लिए सर्वे टीम अलग-अलग मापदंडों पर शहर का आकलन करेगी। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान ने कहा, स्वच्छता सर्वे के दौरान निगम की पूरी टीम ने तत्परता से कार्य किया है। अब दो सर्वे के लिए भी निगम की टीम ने कमर कस ली है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जोन और वार्ड आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता योगेश कडू ने सर्वे से संबंधित तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहर में सर्वे के मापदंडों के अनुसार नालों की सफाई, हरियाली, शौचालय और स्ट्रीट लाइट सुव्यवस्थित हो। सर्वे में रहवासी और झुग्गी क्षेत्रों की सफाई का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

## सुबह-शाम बरतन लेकर पानी का जुगाड़ करने का टेंशन

# वाल्मीकि नगर, इंदिरा नगर, दुर्गा नगर में गहराया जल संकट, पटरी पार कर पानी लाने का जोखिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश के चुनिंदा 100 शहरों में शामिल रायपुर के वाल्मिकी नगर, इंदिरानगर, दुर्गानगर, खमतराई का शिवनगर ऐसी बस्ती है, जहां आज भी रहवासियों को रेलवे पटरी पार कर पानी के लिए जान जोखिम में डालना मजबूरी बन गई है। नगर निगम के वीरांगना अवंतिबाई वार्ड में पेयजल संकट के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं ले रहे। वहीं जोन 9 कमिश्नरी क्षेत्र के छोकरानाला के पास बसी बस्ती चंडीनगर में पानी आपूर्ति के लिए खोदे गये 4 बोरेवल का पानी प्रदूषित हो चला है। जोन कमिश्नर का कहना है, ये सभी बोरवेल नाले के पास हैं, इसलिए पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने की व्यवस्था की गई है।

शहर में पारा 43 डिग्री के पार जाने साथ ही तेज गर्मी के चलते रहवासी बस्तियों में पानी संकट से लोग परेशान हैं। नगर निगम जोन 2 के वीरांगना अवंतिबाई वार्ड स्थित वाल्मिकी नगर बस्ती के रहवासी सुबह नल खुलने के समय पानी, गुंडी लेकर रेल्वे पटरी पार कर त्रिमूर्ति नगर जाकर पानी लाते हैं। जान जोखिम में डालकर परिवार के लिए पेयजल की व्यवस्था करना उनकी मजबूरी है। नगर निगम के अधिकारियों से उन्होंने पेयजल समस्या को लेकर शिकायत भी की है, इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हुई। इसी तरह इंदिरा नगर, शिवनगर खमतराई, दुर्गानगर में पानी की समस्या दूर करने टैंकर भेजा जा रहा है।

## चंडी नगर में बोर का पानी दूषित



### बोर का पानी दूषित, चंडीनगर में टैंकर

जोन 9 क्षेत्र स्थित छोकरानाला के समीप स्थित चंडीनगर में जल आपूर्ति के लिए 4 बोरवेल का खनन कराया गया। बोर का पानी दूषित होने से पीलिया की शिकायत आने पर इन बोरवेल को बंद कराया गया। रहवासी बस्ती में नगर निगम अब पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने में लगा है। 30 मार्च से यह स्थिति बनी हुई है।

### महापौर के पुराने वार्ड में पानी की किल्लत, समीक्षा बैठक में पार्षद को नहीं बुलाया

डॉ. खूबचंद बघेल महापौर मीनल चौबे का पुराना वार्ड रहा है, इस वार्ड के रहवासी बस्तियों में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। गणपति नगर, महादेव नगर, करण नगर, डेयरी मोहल्ला में लोग पानी के लिए तरस गये हैं। हाल ही में जोन 5 कार्यालय में जोन अध्यक्ष की मौजूदगी में पेयजल समस्या को लेकर वार्ड पार्षदों और जल विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई गयी। इस बैठक में वार्ड पार्षद दुर्गा-यादराम साहू को नहीं बुलाया गया। इससे वार्ड पार्षद नाराज हैं, उनका ये भी कहना है, जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम 4 टैंकर पानी आपूर्ति के लिए भेज रहा है, जो कि जल संकट की विकरालता को देखते हुए कम है। कम से कम 5 पानी टैंकर की व्यवस्था जरूरी है, पानी आपूर्ति करने वाले ठेकेदार के रवैये को लेकर भी वार्ड पार्षद ने नाराजगी जताई है।

### भनपुरी में 2 पानी टंकी फिर भी नल की धार पतली

भनपुरी में 10 लाख लीटर की पुरानी पानी टंकी और 30 लाख लीटर नई पानी टंकी से जल आपूर्ति होने के कारण पिछले साल पानी टैंकर भेजने की जरूरत नहीं पड़ी थी। इस बार मार्च माह से ही बंजारी माता वार्ड के रामेश्वर नगर, केबिनपारा के 700 मकानों में किराये के पानी टैंकर भेजने की नौबत आई है। पूर्व पार्षद नागभूषण राव ने कहा निगम अधिकारियों की लापरवाही की वजह से नलों में पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं आ रहा है। इसी तरह यतियतन लाल वार्ड के भनपुरी स्थित विजय नगर, बुनियाद नगर, टिंबर मार्केट एरिया के 1 हजार आवास जो पिछले बार टैंकर फ्री रहे इस बार पानी टैंकर भरोसे हैं।

### धरसींवा में प्लाटिंग माफियाओं का दबदबा, प्रशासन निष्क्रिय

**धरसींवा।** ब्लॉक मुख्यालय और इसके आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। यह खेल इतना गहरा और व्यापक हो चुका है कि इसने क्षेत्र के सामाजिक और प्रशासनिक ताने-बाने को खतरे में डाल दिया है। चिंता की बात यह है कि इस अवैध कारोबार के सूत्रधार स्थानीय लोग नहीं, बल्कि बाहरी व्यक्ति हैं, जिनके हाथों में क्षेत्र की जमीनें एक तरह से गिरवी रखी जा रही हैं। सबसे भयावह पहलू यह है कि इन अवैध प्लाटिंग और भूमि हस्तांतरण की कोई भी आधिकारिक सूची न तो पंचायत के पास उपलब्ध है और न ही सरकार के किसी विभाग के पास। धरसींवा तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन तिहार में आए शिकायत के आधार पर कुछ गांवों में अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही हुई है। वहीं धरसींवा सहित इलाकों में जांच चल रही है।

# सिलयारी-कुथरेल में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश

- भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती

**सिलयारी।** पावर प्लस कहलाने वाला छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के धरसींवा ब्लाक के सिलयारी और कुथरेल बिजली विभाग की मनमानी फिर बढ़ती जा रही है। बार-बार की अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र के उपभोक्ता त्रस्त है। क्षेत्र में हर 10 मिनट में बिजली बंद होती है। इतना ही नहीं बार-बार ऑन-ऑफ का मजाक जैसा अजब खेल विभाग के कर्मचारियों द्वारा खेला जाता है। यहां इतना खुला छूट दे दिया गया है कि, ड्यूटी कर रहे ठेका कर्मी जब मन करे तब बिजली बंद कर देतें हैं। अघोषित कटौती और बार-बार की आँखमिचौली से जनता परेशान ही नहीं तंग भी आ चुके हैं। फिर भी विद्युत विभाग धृतराष्ट्र बना बैठा है। गौरतलब है कि, विद्युत वितरण केन्द्र सिलयारी द्वारा बार-बार बिजली बंद करने से क्षेत्र के उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। गर्मियों सीजन में भी भरपूर बिजली देने में अब विभाग हांफने लगा है। मंगसा मोड़ पर स्थित केन्द्र से आसपास के गांवों में बिजली डिस्ट्रीब्यूट होती है। दर्जनों से भी ज्यादा गांवों में बिजली की समस्या रहती है। रात में भी बार-बार बंद-चालू होती रहती है। विभाग जब मन करे तब बिजली बंद कर देता है और जब मन करे चालू कर देता है। बंद करने का स्पष्ट कारण विभाग के पास भी नहीं रहता। कभी सिलयारी स्टेशन से तो कभी कुथरेल स्टेशन से बंद होना बताकर दोनों जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं। इधर, जनता विद्युत केन्द्र में फोन लगाते हैं तो कभी रैता, तो कभी सारागांव से बंद होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ने लगते हैं। इधर, उमस और गर्मी से परेशान जनता बिजली के आने की बाट जोहते है। बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जब से नखरे दिखाने शुरू किए तब से लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्योंकि यह सिलयारी क्षेत्र का पुराना और ज्वलंत समस्या है।

# सांकरा में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**सिलयारी।** धरसीवां जनपद पंचायत के ग्राम सांकरा में शासकीय भूमि के अवैध कब्जे और बंदरबांट का मामला सामने आया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ भूमाफियाओं द्वारा सरकारी भूमि का अवैध तरीके से बंटवारा किया जा रहा है, जिसमें कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों का संरक्षण भी शामिल है। ग्राम सांकरा में शासकीय भूमि को लेकर चल रहे इस खेल ने स्थानीय निवासियों में चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमाफिया बिना किसी डर के सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, जबकि संबंधित अधिकारियों की आंखें बंद हैं। स्थानीय निवासी ने कहा हमने कई बार इस मुद्दे को उठाया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। यह सरकार की जमीन है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी संपत्ति समझकर बेच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कुछ राजनीतिक नेताओं की संलिप्तता भी है, जो भूमाफियाओं को संरक्षण देकर अपनी स्वार्थी राजनीति कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी जमीनों का यह बंदरबांट केवल एक आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक समस्या बनता जा रहा है। हालांकि, स्थानीय लोग अब कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि उनकी जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कदम उठाए जा सकें।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

*वहीं ग्राम सांकरा में सरकारी नहर पर बिना किसी परमिशन के सीमेंट पोल नहर में डाल कर उस पर मुरुम डाल रोड बनाया गया है जिससे रास्ता बनाकर जमीन को रोड से लगा बता कर अधिक पैसो में जमीन बेच सके। वहीं एक और दूसरी जगह भी वहीं किया गया बाउंड्री पोल भी गड़ा दिया गया है। इस संबंध में ग्राम के उपसरपंच योगेश्वर साहू से जानकारी लेनी चाही उसका कहना था कि जिसके द्वारा किया गया कारवाही किया जाए साथ ही इसकी जानकारी ग्राम पंचायत सांकरा सचिव रतन चंद साहू का भी कहना है कि उसको इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दोषियों पर कार्यवाही किया जाएगा।*

# शहर के बस स्टैंड में बना हाईटेक पब्लिक टायलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर के बस स्टैंड में हाईटेक मॉडल पब्लिक टायलेट का निर्माण किया गया है। इसका संचालन प्रारंभ हो गया है। यह सुविधा सभी वर्ग के लिए है। यात्रियों को स्वच्छ और आधुनिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से पुरूषों और महिलाओं के लिए अलग अलग सेक्शन, 5-5 टायलेट, वाशरुम, मूत्रालय, पानी, हैंडवास की व्यवस्था की गई है। टायलेट परिसर में दो कर्मचारी 24 घंटे तैनात हैं जिसकी देखरेख में टायलेट पूरी तरह हाइजेनिक रहेगा। इस हाईटेक टायलेट में आधुनिक सुविधाएं जैसे आटोमेटिक फ्लश सिस्टम, सेंसर बेस्ट, वॉशबेसिन, हैंडवास, पानी, लाइट आदि की सुविधा है।

निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि इस टायलेट का निर्माण 25 लाख 44 हजार की लागत से किया गया है जहां फ्रेश होने के लिए सभी सुविधाएं हैं।

# पहलगाम घटना के दो दिन पहले पहुंचा सिंध से हिन्दू परिवार

**रायपुर।** जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के दो दिन पहले पाकिस्तान के सिंध प्रांत से कुछ हिन्दू परिवार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे हैं, जो डूमतराई स्थित शदाणी दरबार में शरण लिए हुए हैं। आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के दौरान लौटने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद सिंध से आए हिन्दू परिवारों की भी चिंता बढ़ गई है। ये परिवार लौटना नहीं चाहते है तथा भारत में ही रहने की इच्छा जता रहे हैं। इसके लिए ये परिवार अब सरकार से विनती कर लॉन्ग टाइम वीजा की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि बांड को मंजूरी देकर उनके परिवारों को भारत में ही रहने दिया जाए।



### लांग टाइम वीजा के लिए आवेदन किए

सिंध निवासी सहदेव कुमार एवं रवि कुमार का परिवार 20 तारीख को भारत पहुंचा है। यहां पहुंचने के बाद यह परिवार शदाणी दरबार रायपुर में ठहरा हुआ है। ये दोनों परिवार सिंध समाज के हैं, जो भारत में बसने के इरादे से यहां पहुंचे हैं। इन परिवारों का कहना है कि सिंध व पाकिस्तान में हिन्दू परिवार सुरक्षित नहीं हैं। उन्हें हमेशा प्रताड़ित किया जाता है और अब वहां रहना मुश्किल है। इसके कारण अब वे लौटना नहीं चाहते। सहदेव एवं रवि कुमार ने बताया कि लॉन्ग टाइम वीजा के लिए उनके परिवार ने बांड भर दिया है।

# साठ फीट ऊंची पानी टंकी में खेल रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सुभाष नगर वार्ड स्थित कांटा तालाब में बनी 60 फीट से ऊंची पानी टंकी में कभी भी भयावह घटना घट सकती है। यहां बच्चे पानी टंकी के ऊपर चढ़कर खेलने-कूदने लगे हैं। सुभाष नगर वार्ड निवासी यशवंत देवांगन, सोमन देवांगन ने बताया कि कांटा तालाब के पास शहर में पानी सप्लाई के लिए विशाल पानी टंकी का निर्माण किया गया है। 6 माह पहले से पानी टंकी बनकर तैयार है लेकिन इसका उपयोग अब तक शुरू नहीं हुआ है। बच्चे इस पानी टंकी के ऊपर चढ़ने-उतरने लगे हैं जिससे कभी भी भयावह घटना हो सकती है। उन्होंने निगम प्रशासन से पानी टंकी की देखरेख एवं सुरक्षा व्यवस्था देने की मांग की है।

# अमर पारवानी बने कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने प्रदेश के प्रमुख व्यापारी नेता अमर पारवानी को संगठन का राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। भुवनेश्वर में आयोजित कैट नेशनल गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक के दौरान श्री पारवानी की कार्यशैली, व्यापारिक अनुभव और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया।

कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि छत्तीसगढ़ के व्यापारिक समुदाय के लिए एक गर्व का पल आया है। कैट ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यापारी नेता और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष अमर पारवानी को संगठन का राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। भुवनेश्वर में आयोजित कैट नेशनल गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक के दौरान सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया। इसमें देशभर के 150 से अधिक वरिष्ठ व्यापारी नेताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतीया, दिल्ली सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अपने इस सम्मान को लेकर अमर पारवानी ने कहा, यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों को समर्पित करता हूं। यह मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक और बड़ी जिम्मेदारी है कि देशभर के व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य किया जाये।

## पॉवर कंपनी ने लगाई है 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

# बिजली नियामक आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति के बाद अगले माह होगा नए टैरिफ पर फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिजली नियामक आयोग में अब तक बिजली के नए टैरिफ पर फैसला नहीं हो सका है, लेकिन अब इसका रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि बिजली नियामक आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति के लिए पांच मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन आने के बाद मई में सदस्यों की नियुक्ति के बाद जनसुनवाई होगी और इसके बाद नए टैरिफ पर जून तक फैसला हो जाएगा।

बीते साल भी जून से ही नया टैरिफ लागू हो सका था। तब लोकसभा चुनाव के कारण मामला अटका था। इस बार सदस्य न होने के कारण मामला अटका है। यह बात भी तय है कि इस साल भी महंगी बिजली का झटका जरूर लगेगा।

### लगेगा महंगी बिजली का झटका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें 45 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए इस घाटे को पूरा करने वाला नया टैरिफ लागू करने की मांग की है। अब आयोग पॉवर कंपनी का लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि वास्तव में उनका कितना घाटा है। उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा।

इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों पद खाली हैं। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था।

### छग के प्रथम सीएम अजीत जोगी की जयंती 29 को

**रायपुर।** रायपुर जिला ग्रामीण जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष माखन ताम्रकार के नेतृत्व में 29 अप्रैल को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की 79वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शासकीय अस्पताल अभनपुर में मरीजों को फल वितरण, दिनभर सेवाभावी कार्यक्रम सहित अनेक आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस जयंती कार्यक्रम में पार्टी की सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी तथा प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी शामिल होंगे। इसके अलावा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री ताम्रकार ने कहा, यह आयोजन स्व. अजीत जोगीजी के जन-कल्याणकारी विचारों और उनकी सेवाभावी विरासत को समर्पित है। हमारा यह प्रयास है कि जोगीजी के सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाया जाए।

## खबर संक्षेप

### रामू के बजट में ट्रिपल इंजन सरकार के विकास की झलक : अंगिरा



**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा ने जो पहला बजट पेश किया है, उसमें भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार ने विकास के जो वादे किए हैंख उसे पूरा करने की साफ झलक दिखाई पड़ी है। शहरवासियों ने हाईटेक बस स्टैंड, औद्योगिक नगर, गोकुल नगर, मुख्य मार्गों का फोरलेन चौड़ीकरण, सीवरेज प्लांट, सिटी मॉल, बारिश के दिनों के पानी की निकासी की व्यवस्था का जो सपना देखा था, यह बजट उन्हीं मांगों पर केंद्रित रहा। यह बात जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने कही। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा जनता की समस्याओं को ध्यान में रखकर अपना कार्य करती है। विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार ने धमतरी का विकास करने का जो बीड़ा उठाया है, उसे अमलीजामा पहनाने का काम रामू रोहरा ने अपने इस प्रथम बजट से करने का पूरा प्रयास किया है। अंत में प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार की ओर से शॉल ,श्रीफल, पुष्प गुच्छ एव सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। स्वर्ण आभूषण प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। इस अवसर पर जी. एन. लक्ष्मण राव, मीरा पाठक एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पूर्णिमा सरोज ने किया तथा आभार प्रदर्शन तेजपाल सिंह ने किया।

### नवोदय में चयनित पलक का हुआ सम्मान



**धमतरी।** शास. प्राशा. शाला संबलपुर में कक्षा 5वीं के बच्चों की विदाई एवं सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की पूजा वंदन से हुआ। इसके बाद कक्षा 5वीं के बच्चों ने बारी-बारी से विद्यालय से प्राप्त अनुभव शेयर किये। शिक्षकों एवं पालकों एवं एसएमसी के पदाधिकारियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवोदय विद्यालय कुरुद हेतु चयनित छात्रा पलक ठाकुर का शाला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। पलक के माता-पिता ने शाला को मां सरस्वती की मूर्ति एवं पांचवीं के बच्चों को कम्पास बाक्स देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वसहायता समूह द्वारा बच्चों को न्योता भोजन में सेवई खिलाई गई।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल कंडेल का परीक्षाफल घोषित

**धमतरी ।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में संचालित हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 9वीं और 12वीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा 9वीं के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का परीक्षा परिणाम 66.67 प्रतिशत रहा। प्रथम हितेश जोशी, द्वितीय निधि साहू, तृतीय यश सोनवानी रहे। हिन्दी माध्यम कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 47.82 प्रतिशत रहा। प्रथम ईशारानी, द्वितीय डिम्पल और तृतीय हिमांतकी सेन रही। इसी प्रकार कक्षा 11वी हिंदी माध्यम के कला संकाय का परीक्षा परिणाम 85.96 प्रतिशत रहा।

---

17 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति माह भर में मिल सकती है : महापौर

# अर्जुनी पंचायत से एनओसी मिलने के बाद नया बस स्टैंड खुलने का रास्ता साफ हुआ



### बस स्टैंड में होंगी आधुनिक सुविधाएं

अर्जुनी में प्रस्तावित बस स्टैंड महानगरों की तर्ज पर बनेगा। पांच एकड़ जमीन में बस स्टाप, लाज, यात्री प्रतीक्षालय, चालक परिचालक रूम, हाल, प्लेटफार्म, कुर्सियां, बेंच, टिकिट काउंटर, एनाउंसर, सुलभ शौचालय, रेस्टोरेंट, निजी बसस्टैंड, आफिस, इलेक्ट्रानिक सूचना बोर्ड, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड, पुलिस के जवान, आटो, ई-रिक्शा स्टैंड, होटल, रेस्टोरेंट व अन्य दुकानों के व्यावसायिक काम्पलेक्स, शुद्ध पानी, वाटर कूलर, टीवी, कूलर, पंखा, फीडिंग रूम, फस्टएड बाक्स, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि की व्यवस्था रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बहुप्रतीक्षित नया बस स्टैंड खुलने का रास्ता अब साफ हो गया है। ग्राम पंचायत अर्जुनी के सरपंच, पंच व ग्रामवासियों की सहमति मिलने के बाद अर्जुनी में हाईटेक बस स्टैंड खुलेगा। इसके लिए कोटवार के लिए आरक्षित भूमि को पहले से ही चिन्हांकित किया गया था। पांच एकड़ भूमि के बदले कोटवार को अनुदान या अन्य कृषि जमीन दी जा सकती है। बीते 5 अप्रैल को राजस्व विभाग के कर्मचारी जमीन का सीमांकन, नाप जोख सर्वे कम्पलीट कर चुके हैं। बसस्टैंड का पूरा सेटअप भी तैयार है। विदित हो कि धमतरी से तीन किमी दूर अर्जुनी में नया बस स्टैंड बनाया जायेगा। 200 मीटर की दूरी पर बाईपास मार्ग, ओव्हरब्रिज व ग्राम खपरी की सीमा है।

### जल्द होगा बस स्टैंड का निर्माण



महापौर रामू रोहरा ने कहा कि अर्जुनी में हाईटेक बस स्टैंड खोलने की योजना निगम के बजट में पुनः शामिल है। अब पंचायत से सहमति मिलने के बाद बस स्टैंड का निर्माण जल्द किया जाएगा। इसके लिए शासन से 17 करोड़ रूपए की राशि मिलेगी। बस स्टैंड पांच एकड़ जमीन में बनेगा। वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति में एक से डेढ़ माह का समय लगेगा।

### बस स्टैंड के लिए दी गई एनओसी



ग्राम पंचायत अर्जुनी की सरपंच इंदु मोहित ध्रुव ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि प्रस्तावित नया बस स्टैंड के लिए सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों द्वारा सहमति दी गई है। इसका कोई विरोध नहीं है। हस्ताक्षरयुक्त आवेदन शासन प्रशासन, आयुक्त को प्रेषित किया गया है। उक्त जमीन गांव के कोटवार की है। 8 वर्ष पहले कलेक्टर ने इस जमीन को सुरक्षित कराया था। खसरा नंबर 35 में 6 एकड़ जमीन चिन्हांकित हैं। सीमांकन पटवारी, आरआई द्वारा कर लिया गया है। तहसीलदार अभिमत की काफी 4 अप्रैल को भेजी गई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक परिसर में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए।

---

## शिक्षा के तीन आधार स्तंभ पालक, बालक और शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शासकीय प्राथमिक शाला बिरनपुर में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ। माताएं सही समय पर स्कूल में अपनी मजदूरी कार्य को छोड़कर शामिल हुईं। माता बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं। उन्हें अब पता चल चुका है कि वह अपने बच्चों को घर की ही सामग्री से प्राथमिक ज्ञान दे सकती हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति की संरक्षिका श्रीमती कचरी बाई थी। अध्यक्षता स्मार्ट माता अंजु निर्मलकर ने की। 2024 की स्मार्ट माता गैंदी बाई साहू ने 2025 की स्मार्ट माता श्रीमती फुलेश्वरी नाग को ताज, परिचय कार्ड व स्मार्ट माता का टैग पहनाकर सम्मानित किया। अंजु निर्मलकर ने नारियों की भूमिका पर उद्बोधन दिया। नौ काउंटर के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भाषा व गणित विकास का आकलन कर माताओं को घर पर उपलब्ध सहज संसाधनों से बुनियादी भाषा व संख्या ज्ञान पर गतिविधियों के माध्यम से उन्हें शिक्षण कार्य से जोड़ने का प्रयास किया गया। ब्लॉक नोडल बीआरजी, शाला की प्रधानपाठिका श्रीमती शशिकला बैरागी ने सभी माताओं से अंगना में शिक्षा कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। शिक्षिका श्रीमती पीयूष साहू ने अपने पिता के जन्म दिवस पर कलर पेंसिल, शीश, रबर का वितरण किया। यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, एपीसी नंदकिशोर साहू, राज्य रिसोर्स पर्सन प्रीति शांडिल्य के निर्देश व मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि पालक, बालक और शिक्षक शिक्षा के तीन प्रमुख आधार स्तंभ हैं। जब यह तीनों मिलकर शैक्षणिक कार्यों में सहभागी होंगे तो शिक्षा गुणवत्ता में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। मौके पर पंच श्रीमती अंजु निर्मलकर, नरेंद्री नाग, संरक्षिका श्रीमती कचरी बाई साहू, पूर्व पंच सुषमा साहू एवं श्रीमती मिलन पटेल, रानी यादव, गोदावरी मरकाम, अनसुइया पटेल, पुष्पा पटेल , फुलेश्वरी नाग, आशा नाग, अनूपा निषाद, पूर्णिमा नेताम, गैंदी बाई ,चंद्रिका नाग, अध्यक्ष श्रीमती कविता मानिकपुरी मौजूद थीं।

## दो ट्राईसिकल प्रदान की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत कसपुर निवासी डिकेश्वर मरकाम व ग्राम कट्टीगांव निवासी विष्णु राम को जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद सदस्य शिवनाथ मरकाम, विकास विस्तार अधिकारी आरएस नेताम जनपद पंचायत नगरी की उपस्थिति में ट्राईसिकल प्रदान की गई।

---

## धीवर समाज ने पहलगाम में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धीवर समाज धमतरी परगना की बैठक में पहलगाम की अमानवीय घटना में अपना जीवन गंवाने वाले हिंदुस्तानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद निषाद, यशवंत कोसरिया, शिव ओझा अधिवक्ता, आशा धीवर, रेवती ओझा, लछनी ओझा, राजकुमार फूटान, शत्रुघ्न धीवर, शेषनारायण मीनपाल, देवलाल सोनवानी, संतोष नाग ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए घृणित कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की तथा ऐसा कृत्य करने वाले आतंकियों और उसकी सहायता करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का केन्द्र सरकार से आग्रह किया।

## पाक, बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में जीरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**घुसपैठियों की शिनाख्ति के लिए धमतरी पुलिस सक्रिय**

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान एवं बांग्लादेशी घुसपेठियों को देश निकालने का फरमान जारी कर दिया है। धमतरी जिले में इसे लेकर पुलिस सक्रिय है लेकिन अब तक कोई घुसपैठिया पुलिस को नहीं मिला है।

लोगों का कहना है कि धमतरी शहर में भी पाक, बांग्लादेशी घुसपैठिये मौजूद हो सकते हैं। इनको शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में अपंग होने का दिखावा कर भीख मांगते देखा जा सकता है। वह सिग्नलों पर खड़ा होकर पेन आदि सामग्री बेचते हैं।

बताया जाता है कि शहर के कुछ वार्डों में इस तरह के घुसपैठिये मिल सकते हैं। कहा जा रहा है कि घुसपैठियों की पतासाजी में धमतरी पुलिस की सक्रियता थोड़ी कम दिख रही है। पुलिस को चाहिए कि जो भी संदिग्ध व्यक्ति शहर में दिखे उनको पकड़कर उनकी पहचान करें।

धमतरी शहर में कुछ लोग बाहर से आए लोगों को अपने वार्ड और बाड़ों में जगह देकर पनाह देते हैं। फिर शहर में कुछ अनहोनी होती है तब पुलिस जागती है। पिछले साल रामनवमी पर चाकूबाजी की घटना हुई थी, जिसमें बाहरी लोगों का हाथ होना बताया जा रहा था। कुछ जगह पर बाहरी लोगों को पनाह देकर बसाया जा रहा है। बकायदा उनका आधार कार्ड और राशन कार्ड भी बनवा दिया जाता है। उन्हें व्यवसाय करने का साधन भी उपलब्ध करा दिया जाता है। फिर उनकी पहचान आम धमतरीवासी के रूप में होने लगती है।

एडिशनल एसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि पुलिस घुसपैठियों की पतासाजी कर रही है। आज तक कोई मामला सामने नहीं आया है। हमारे यहां जीरो है।

---

## संस्कार, समर्पण एवं समरसता साहू समाज की पहचान : अवनेंद्र



- शोभायात्रा निकालकर मनाई गई दानवीर भामाशाह जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी एवं ग्रामीण साहू समाज कुर्रा द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ थे। अध्यक्षता रामचंद्र साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी धाम कोसमर्रा ने की। विशेष अतिथि सिन्धु बैस जनपद सभापति, तोरण लाल साहू, केकती साहू, कामताप्रसाद साहू, मीलू राम साहू, दमयंतीन साहू, सुशीला साहू, गोपी किशन साहू, ओमेश्वरी साहू, सोमनाथ साहू थे। समाज के देवी- देवताओं के जयकारे के साथ गली भ्रमण किया गया। जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कार, समर्पण एवं समरसता साहू समाज की पहचान है। उन्होंने पूर्वजों द्वारा समाज और जनहित में किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए सामाजिक विकृतियों को दूर करने की बात कही। सिन्धु बैस ने समाज हित में हमेशा संगठित और अनुशासित रहने की बात कही। शोभायात्रा का विभिन्न संगठनों एवं समाज द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। मौके पर अध्यक्ष रामचंद साहू, सचिव विष्णुराम साहू, भूषणलाल साहू, अशोक साहू, गोपीकिशन साहू, उमेश्वरी साहू, नम्मू लाल साहू, घनश्याम साहू, डिकेश्वरी साहू, पिंगला साहू, इन्द्रा साहू, रेखा साहू, ओमप्रकाश साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष सोमनराम साहू ,सचिव चैतराम साहू, नरसिंग साहू, तरुण साहू, नारायण साहू, गणपत साहू, सुरेश कुमार साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों को शिक्षा और पोषण के रूप में स्थापित करने पर जोर

- पखवाड़ा समापन समारोह और ईसीई मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अजीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा समापन समारोह और ईसीई मेला का आयोजन पटवारी भवन अंबेडकर वार्ड धमतरी में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बचपन के प्रारंभिक 1000 दिनों में संतुलित पोषण और शिक्षा की महत्ता पर पालकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक करना था। आंगनबाड़ी केंद्रों को सिर्फ पोषण केंद्र नहीं, बल्कि शिक्षा और पोषण दोनों के केंद्र के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में तीनों सेक्टर की 37 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 9 पालक, आईसीडीएस, आईसीपीएस, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। पांच कोनों में आयोजित ईसीई गतिविधियों को चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने संचालित किया। सीडीपीओ प्राची शर्मा ने पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पर्यवेक्षक उषा किरण चंद्राकर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षा और पोषण को जोड़ने के पांच आयामों की जानकारी दी। आईसीपीएस के यशवंत व्यास ने बाल सुरक्षा योजनाओं पर जानकारी दी। मिशन शक्ति की जिला समन्वयक बिंदेश्वरी ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी साझा की। स्वास्थ्य विभाग की मंजु ने किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में गोदभराई एवं अन्नप्राशन की रस्में संपन्न हुईं। सभापति विभा चंद्राकर ने इस कार्यक्रम को स्वस्थ और सुरक्षित समाज निर्माण की दिशा में प्रेरणादायक प्रयास बताया। पार्षद कुलेश साहू ने पोषण भी और पढ़ाई भी कार्यक्रम को एक अच्छा प्रयास बताया। तारकेश्वरी ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती जगरानी एक्का डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग,धमतरी, महेश मरकाम डीडब्ल्यूसीडीओ महिला एवं बाल विकास विभाग का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।



## अंजुमन स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अंजुमन मिडिल स्कूल नवागांव वार्ड धमतरी का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अंजुमन हॉयर सेकेण्डरी स्कूल के प्रशासक सैय्यद असदुल हुसैन साहब ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। पूर्व प्राथमिक विभाग कक्षा नर्सरी , केजी 1 एवं केजी 2 में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसी तरह अंजुमन प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग में कक्षा पहली से चौथी, छठवीं तक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

प्रशासक असदुल हुसैन, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान, वरिष्ठ शिक्षक मो. असलम भाटी, प्रधान पाठिका सुश्री आलिया बानो ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आने वाली कक्षाओं में कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया।

मौके पर प्रधानपाठिका आलिया बानो, श्रीमती मुमताज बेगम, श्रीमती रोजिना अली, श्रीमती समीदा बानो, श्रीमती हिना पटेल, सुश्री रेखा कश्यप , श्रीमती रूखसाना बेगम, महविश बानो, श्रीमती रशीदा बेगम समेत छात्र-छात्राएं एवं पालकगण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोहम्मद असलम भाटी ने किया।

## नौकरी पर रखने सुशासन तिहार में दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



वन मंडल धमतरी नगरी (उपादन) कार्यालय में मोहसीन खान 11/2008 से कुशल श्रमिक की हैसियत से कार्यरत था। वन विभाग के प्रशिक्षु डीएफओ द्वारा वर्ष 9/2016 में शासकीय कर्मचारी के पुत्र होने का हवाला देते कार्य से पृथक किया गया था। आवेदक द्वारा श्रम न्यायालय धमतरी में आवेदन लगाया गया। वर्षों तक न्यायालय में केस चलने के बाद निर्णय दिया गया कि आवेदक को 45 दिन के अंदर बगैर पिछले वेतन के पूर्व पद पर सेवा में पुन स्थापित करें परंतु आज 10 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी कार्य पर नहीं रखा गया है। न्यायालय के निर्णय की अवहेलना की गई है।

---

## गोजी में 24 कुंडीय महायज्ञ 2 मई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम गोजी के बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से 24 कुंडीय विश्व शांति शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन 2 से 4 मई तक किया गया है। यह आयोजन पंडित उमेशानन्द गिरि महाराज (छग मंडल श्री महंत) के सानिध्य में होगा। 2 मई को कलश यात्रा दोपहर 2 बजे निकाली जायेगी। रात्रि में जय शारदा जगराता ग्रुप भोथली की प्रस्तुति शाम 7 बजे होगी। द्वितीय दिवस में 3 मई को अग्नि स्थापना, यज्ञ हवन प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। शाम 7 बजे नवजागृति रामधुनी मंडली सिरसिदा की प्रस्तुति होगी। 4 मई रविवार को 11 बजे से यज्ञ हवन पूर्णाहुति होगी। पश्चात शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जायेगी। अंतिम दिवस रात्रिकालीन कार्यक्रम के रूप में मोर गांव के शीतला दाई फाग मंडली मोहंदी (चंडी) की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में बरातुराम साहू, देवलाल पाल, इन्द्रनारायण साहू, भेपेन्द्र साहू, उमेश साहू, बिसेलाल साहू, तुकाराम साहू, संतोष साहू, ठाकुरराम साहू, थानेश्वर तारक, टिकेश्वर साहू, दौलत साहू, हेमेंद्र साहू, जयलाल साहू, जयमित्र साहू सरपंच, विज्ञान साहू, धनराज साहू, देवप्रकाश साहू, छत्रपाल साहू, सतीश साहू, चंद्रहास साहू, वासुदेव साहू, तेजराम साहू, लच्छन साहू, उमेश पाल, धनराज साहू, पवन साहू, भूषण साहू जुटे हुए हैं।

## दुगली में चार हैंडपंप खराब पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत दुगली में पंचायती राज दिवस मनाया गया एवं जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। इस मौके पर सरपंच ने गांव की समस्याओं को उपसरपंच एवं पंचगणों के समक्ष रखी। सरपंच रामेश्वर मरकाम ने बताया कि दुगली में 4 हैंडपंप खराब हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नल मैकेनिक को बताने के बाद भी नहीं सुधार किया जा रहा है। इस समस्या से पीएचई विभाग के कर्मचारी अधिकारी को अवगत कराने पर भी उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान सचिव बीरेंद्र साहू, उपसरपंच चंद्रभान नेताम, वार्ड पंच वरूण देव नेताम, गोमती बाई मंडावी, डुमेश्वरी डोंगरे, कमला बाई, गायत्री बाई, हरीश परते, गौरी बाई, अनिल कुमार नेताम, तोषण मरकाम, अनिल कुमार यादव, दिलीप कुमार नेताम, परमानंद यादव, मंशाराम मरकाम, रविशंकर ध्रुव ने पानी बचाने का संकल्प लिया। इस संबंध में नल मैकेनिक से बात करने पर उन्होंने कहा कि गर्मी अधिक होने के कारण कि जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिसके कारण हैंडपम्प जवाब देने लगे हैं। विभाग ने इस साल हेल्पर भी नहीं दिया है।



**खबर संक्षेप**

### समता नगर में बिजली खंभे में लगी आग

**कांकेर।** जिला मुख्यालय से लगे समता नगर में 27 जनवरी की शाम लगभग पौने 7 बजे एक खंभे में आग लग गई, जिसके चलते पूरे मुहल्ले की बिजली बंद हो गई। यह ईलाका कांकेर ग्रामीण के ईलाके में आता है। स्टाफ को जानकारी दिए जाने के आधा घंटा बाद भी बिजली विभाग का अमला नहीं पहुँचा।

# भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने सरकार ने नामांतरण प्रक्रिया में की फेरबदल

## प्रक्रिया आसान होने से बढ़ेंगे अवैध खरीदी-बिक्री के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल-जंगल को बड़े उद्योगपतियों के हवाले कर भाजपा की सरकार अब प्रदेशवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल करने की नीयत से भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने भूमि नामांतरण प्रक्रिया को आसान कर दिया है। नए नियम के तहत उप पंजीयक द्वारा सीधे जमीन की नामांतरण किया जाएगा। इस नियम के तहत बिना दावा-आपत्ति, बिना इश्तेहार प्रकाशन तथा बिना नोटिस तामिल किए ही नामांतरण हो जाएगा। जिससे भू-माफियाओं द्वारा फर्जीवाड़ा कर जमीन हथियाने का खेल आसान हो जाएगा।

चंद्राकर ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम जनता की जमीन पर खतरा बढ़ गया है। नामांकन की प्रक्रिया से संबंधित ग्रामसभा और तहसीलदार के अधिकारों को बाईपास करने से भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जाएगा। ऐसे में नामांतरण के पश्चात ऋण पुस्तिका किसके द्वारा प्रमाणित किया जाएगा? राजस्व अभिलेख का संधारण कौन करेगा? गलत नामांतरण पर सुनवाई कौन करेगा? क्योंकि पंजीयक के न्यायिक अधिकार नहीं होते। साय सरकार का फोकस आम जनता का हित नहीं बल्कि भू-माफियाओं के अवैध गतिविधियों को



संरक्षण देने में है। चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान प्रक्रिया में सारे नियमों को ताक पर रखकर भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर जमीनों की अवैध रजिस्ट्री-बिक्री करने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं। यदि, नामांतरण प्रक्रिया को और आसान कर उप पंजीयक को सारे अधिकार दे दिए जाते हैं तो जमीन कब्जे, अवैध खरीदी-बिक्री के मामलो में वृद्धि होगी। अनेक मामले में माफियाओं ने जमीन क्रेता को बताएं बिना ही बैंकों में कर्ज के लिए दर्ज जमीन या बंधक भूमि को बेच दिया है। नामांतरण के लिए मामला तहसील और संबंधित ग्राम सभा तक पहुंचता है तो इस तरह की त्रुटियां/ फर्जीवाड़े उजागर हो पाते हैं। अब जब नए आदेश के अनुसार उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री होते ही स्वतः नामांतरित हो जाएगा तो ऐसे फर्जीवाड़े को पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होगा। नए आदेश के मुताबिक बिना किसी जांच के नामांतरण पूरा हो जाता है, तो असली मालिक को बिना सूचना के ही जमीन से हाथ धोना पड़ेगा। और तो और सरकारी भूमि, पट्टे की भूमि, आदिवासी की भूमि, कोटवारी भूमि, अवैध प्लाटिंग, अहस्तांतरणीय भूमि, शामिलात खाता की भूमि या मिसल से अधिक रकबे की भूमि को भी अब रजिस्ट्री करवाकर नामांतरण के दायरे में लाने का षडयंत्र रचा गया है। चंद्राकर ने कहा कि भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने साय सरकार ने आसान रास्ता बना दिया है।

**मन की बात : प्रधानमंत्री मोदी ने अलग-अलग क्षेत्रों व मुद्दों पर की चर्चा**

# विधायक ने भाजपा नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को 121वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा नेताओं के साथ मन की बात का प्रसारण देखा। इस बार भी प्रधानमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों व मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता बंटी शर्मा, संदीप घोष, हरवंश सिंह मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा। आगे कहा कि कश्मीर में शांति लौट रही थी,



स्कूल-कॉलेज अच्छे से चल रहे थे, निर्माण कार्यों में गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। इसके साथ ही उन्होंने देश को ग्लोबल स्पेस पावर बनाने की बात भी कही। पूर्व इसरो प्रमुख डॉ. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज भारत जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में लॉन्च की गई थी। उनका व्यक्तित्व खास था और युवा पीढ़ी उनके कार्यों से बहुत कुछ सीख सकती है। नया सीखने, जानने और कुछ नया करने का उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था।

**देश के युवाओं एवं अन्य विषयों पर भी बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। भारत का युवा, साइंस और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। साथ ही कहा कि भारत ने अपने स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। आज बहुत से युवा स्पेस स्टार्टअप में नए झंडे लहरा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने म्यांमार के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा, अफ्रीका के बीमार बच्चों का भारत में इलाज, मोबाइल एप सचेत और एक पेड़ मां के नाम अभियान की भी बात की।

# विधायक ने साप्ताहिक हाट बाजार में की खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम सनबहाली में साप्ताहिक हाट बाजार का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चातुरी नंद ने ग्राम देवता का पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गांव में हाट बाजार खुलने से सनबहाली समेत आसपास के गांवों के लोगों को लंबी दूरी का सफर तय नहीं करना पड़ेगा और गांव में ही विभिन्न प्रकार की सब्जियों समेत दैनिक जरूरत की चीजें हाट बाजार में उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक हाट बाजार से गांव के छोटे व्यापारियों समेत सब्जी उत्पादक किसानों को भी व्यापार करने का अवसर मिलेगा और उनकी आमदनी में भी बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्रम को विधायक नंद के साथ ही स्थानीय जनपद सदस्य महेश्वरी रिंकू सिदार, ग्राम पंचायत सनबहाली के सरपंच केंकती हरिचंद्र पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता लोकनाथ पटेल, ईश्वर अग्रवाल, उपसरपंच उसत टंडन, बिजेंद्र सिदार, श्रवण पटेल, सत्या भोई, विक्की वैष्णव, भूतपूर्व सरपंच लीला बाई देवकुमार सिदार, वरिष्ठ कार्यकर्ता घसिया बसंत, देवकुमार सिदार, सचिव दाशरथी बेहर, पटवारी दीनबंधु सिडार, रोशन लाल सिडार, फत्ते सिंह, दुलेश्वर, कमल सिंह, कैलाश, हेमलाल, शौकीलाल मुंडा, जीत राम पटेल, अजय पटेल, पूर्व बीईओ महेंद्र कश्यप, कामता प्रसाद, वेदराम पटेल, वाह दास मानिकपुरी, नंद कुमार सैन, शिव प्रसाद मुंडा, हरिसिंह, पवित्रा भृंगराज, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### राज्य पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रद्युम्न को मिला दूसरा स्थान

**सरायपाली।** 10वीं छत्तीसगढ़ राज्य पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता भिलाई में आयोजित 25-26 अप्रैल को नगर के प्रद्युम्न शर्मा ने स्टेट पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 317.5 किलोग्राम वजन उठाया और 59 किलोग्राम जूनियर वजन वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ राज्य से राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना गया।

# पक्षियों के दाना पानी के लिए लगाए गए मिट्टी के पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्रीष्मऋतु में पक्षियों के लिए चारे पानी की व्यवस्था करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की पहल पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा की उपस्थिति में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह उद्यान से मिट्टी के पात्र रखने का कार्य प्रारंभ किया। उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ती हुई



गर्मी के कारण आम इंसान का हाल बेहाल हो रहा है, ऐसे समय में मूक पक्षियों की प्राणरक्षा के लिए उनके दाना पानी की व्यवस्था कर उनकी सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। पशु पक्षियों की सेवा से आत्मिक शांति और खुशी के साथ अशुभ फल वाले ग्रह नक्षत्रों के दोष का भी निवारण होता है। किसी को जीवनदान देने के लिए गया कार्य शुभफलदायी भी होता है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं उन्नत कृषक महेश चन्द्राकर, भाजपा पदाधिकारी प्रकाश शर्मा, रितेश गोलछा, मोहन साहू, गोपाल वर्मा, जितेंद्र साहू, पार्षद पीयूष साहू, माखन पटेल, हनीश बग्गा, गोविंद ठाकुर, पंकज चंद्राकर, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, शरद राव, जितेंद्र साहू, ओमप्रकाश पटेल, सुनील पाटिल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित थे।

# गौ माता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं: आचार्य नरेंद्र नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

श्रीमद् भागवत कथा के 5वें दिन भगवताचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का श्रवण कराया। उन्होंने कंस द्वारा भेजे गए अनेक राक्षसों का वध किया।

बीटीआई रोड स्थित खैरा बाड़ा में उषा कमलनारायण चंद्राकर, शिल्पा सपन चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य शास्त्री ने गाय की महिमा का बखान किया। उन्होंने बताया कि गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है, इसलिए गौ माता की सेवा करने से





सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा करने से सभी धर्मों, सभी देवताओं की पूजा के बराबर फल मिलता है। आचार्य शास्त्री ने पूतना वध कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जाकी रहे भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। पूतना राक्षसी प्रभु के वामन अवतार के समय राजा बलि की पुत्री थी। भगवान ने तीन पग में तीनों लोकों को नाप लिया था। वहां राजा बलि की बेटी भी उपस्थित थीं। उसने मन में सोचा कि यदि यह मेरा पुत्र होता तो दूध में विष मिलाकर इसे मार देती। प्रभु ने उसके मन की इच्छा को पूर्ण किया और द्वापर युग में पूतना राक्षसी का दूध पीकर उसे मुक्ति दी। भगवान ने पूतना को माता का संज्ञा दिया। कथा के दौरान सैकड़ों माताएं-बहनें, पुरुष उपस्थित रहे।

# प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ करने चलाए जा रहे अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद मांझी, एबीओ देवनारायण दीवान, स्तोत्र समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल एवं अंगना म शिक्षा की ब्लाक नोडल निरुपमा देवता के कुशल मार्गदर्शन में प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे योजना अंगना म शिक्षा के तहत पढ़ाई तिहार कार्यक्रम का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया



गया। यह आयोजन नवप्रवेशी बच्चों के लिए किया जाता है। विद्यालयीन शिक्षा के पूर्व घर पर ही सीखने की आदत विकसित करने तथा शिक्षा में माताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। अंगना म शिक्षा के अंतर्गत पढ़ाई तिहार कार्यक्रम नन्हें बच्चों की शिक्षा को सुदृढ़ आयाम प्रदान कर रही है, जो उन्हें आत्मविश्वास और मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। आयोजन में एपीसी सम्पा बोस, जिला नोडल भारती सोनी के साथ शिक्षा विभाग के समस्त उच्चाधिकारियों का सतत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### सामुदायिक पुलिसिंग में पुलिस ग्रामीणों से हुए रूबरू

**कांकेर।** अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम नागरबेड़ा में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सेंदुरमेटा, चंगोड़ी, टिमनार, ऐटेगांव एवं नागरबेड़ा के ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को वर्तमान परिवेश में हो रहे साइबर अपराध ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर, इससे बचने के उपाय भी बताये गए। साथ ही साथ महिला व बालक से संबंधित अपराध तथा वाहन दुर्घटना के कारण एवं इसके रोकथाम के बारे में चर्चा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को लुंगी तथा बच्चों एवं नवयुवकों खेल सामग्री वितरित किया गया।

# सिंधु नदी के पानी रूकने से पाकिस्तान मांगेगा भीख : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने सिंधु जल संधि निरस्त करने की भारत सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि आतंकवाद को पोषित कर भारत के विरूद्ध आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को करारा जवाब देने का समय आ गया है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या पाकिस्तान की कायरतापूर्ण हरकत है। देश का हर



नागरिक पाकिस्तान के इस हरकत से आक्रोशित हैं तथा भारत सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग भी कर रहे हैं।

चंद्राकर ने कहा कि देशवासियों की भावनाओं व आक्रोश को देखते हुए केंद्र सरकार ने सिंधु जल संधी को निरस्त कर पाकिस्तान की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कृषि पर प्रहार किया है। पाकिस्तान की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। सिंधु नदी के पानी को व्यवस्थित करने सरकार तैयारी कर रही है। सिंधु नदी के पानी से भारत के पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों को खेती के लिए पानी की कमी नहीं होगी और विद्युत उत्पादन में भी वृद्धि हो सकती है। जिससे रोजगार के अवसर भी देश में बढ़ेंगे। सिंधु नदी का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को जाता था। इसी पानी पर पाकिस्तान की खेती निर्भर है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
01 जून 2025
16 जुलाई 2025
27 जुलाई 2025
16 अगस्त 2025
09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)